

HINDI / ENGLISH

# अंतिम संस्कार की योजना बनाना

**जब किसी की मृत्यु हो जाती है, तो बहुत सारी बातों के बारे में सोचना होता है। हानि और उदासी की भारी भावनाओं के साथ यह समय बहुत कठिन हो सकता है। यहाँ न्यूज़ीलैंड में परिवार की जिम्मेदारी है कि वह मृतक के लिए अंतिम व्यवस्थाएँ करे। यह कानूनी रूप से आवश्यक नहीं है, परंतु बहुत से लोग अंतिम संस्कार या किसी न किसी रूप में एक स्मरण सेवा आयोजित करने का चयन करते हैं।**

अंतिम संस्कार की योजना बनाना एक कठिन कार्य लग सकता है, विशेषकर जब आप प्रक्रिया से परिचित न हों। इसमें क्या शामिल है और कैसे काम करना है, यह समझने से प्रक्रिया आसान बन सकती है। नीचे कुछ जानकारी दी गई है, जिससे आपको उपयुक्त रूप से अंतिम विदाई की व्यवस्था करने में सहायता मिल सकती है।

## अंतिम संस्कार निदेशक का चयन

यह काम सबसे पहले किए जाने वाले आवश्यक कार्यों में से एक है। हो सकता है कि आप पहले से ही किसी अंतिम संस्कार निदेशक को जानते हों, जिसका आप उपयोग करना चाहते हों, अथवा हो सकता है कि आपको पहली बार इसकी खोज करने की आवश्यकता हो। उपयोग करने के लिए किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में जानने का एक अच्छा तरीका यह होता है कि आप दोस्तों से पूछें। किसी भी योजना को अंतिम रूप देने से पहले शुल्कों और विकल्पों की तुलना करने के लिए आप कई अंतिम संस्कार निदेशकों से संपर्क कर सकते हैं। अंतिम संस्कार निदेशक का होना आवश्यक नहीं है, और आप स्वयं ही अंतिम संस्कार की व्यवस्था करने का निर्णय ले सकते हैं।

## अंतिम संस्कार निदेशक से पूछे जाने वाले प्रश्न

व्यवस्थाओं के बारे में चर्चा करने के लिए अंतिम संस्कार निदेशक आपके घर पर या अपने कार्यालय में किसी सुविधाजनक समय पर मुलाकात करेगा – सामान्य रूप से यह पहली बार संपर्क किए जाने के 24 घंटों के अंदर होता है। यह अंतिम संस्कार निदेशक के लिए एक अवसर होगा, जिसमें आपके लिए उपलब्ध विकल्पों और ऐसी किसी भी धार्मिक या साँस्कृतिक प्राथमिकताओं के बारे में चर्चा की जा सकती है, जिनका आप सेवा के दौरान सम्मान किए जाने के इच्छुक हैं।

उनके साथ चर्चा के लिए प्रमुख निर्णयों में शामिल हैं:

- परिवार/whānau में प्रमुख निर्णयकर्ता कौन है?
- क्या शरीर को भूमि में समर्पित किया जाएगा या दाह सँस्कार किया जाएगा?
- क्या व्यक्ति का शवलेप किया जाएगा?
- सेवा कहाँ आयोजित की जाएगी?
- क्या सेवा धार्मिक/अधार्मिक होगी?
- सेवा का परिचालन कौन करेगा, उदाहरण के लिए, पुरोहित या संस्कार करने वाला कोई अन्य व्यक्ति?

अंतिम संस्कार निदेशक निम्नलिखित बातों में आपकी सहायता करने में सक्षम होगा:

- अखबार में मृत्यु की सूचना देना
- अपनी पसंद की दानार्थ-सँस्था से अनुदानों या फूलों के लिए आदेश देना
- भोज का आयोजन करना
- सेवा पत्रक विकसित करना
- स्मरण के लिए प्रस्तुतियाँ (प्रेजेंटेशन) बनाना
- मृत्यु प्रमाण-पत्र की व्यवस्था करना
- आवश्यकता होने पर गृह-देश वापिस भेजने की व्यवस्था करना

## अंतिम संस्कार के शुल्क

वर्तमान में अंतिम संस्कार के लिए $4,000 - $12,000 के बीच शुल्क लग सकता है। यह शुल्क कई प्रकार के कारकों पर निर्भर करेगा, जिनमें शामिल हैं:

- क्या दाह-संस्कार या भूमि-समर्पण किया जाएगा
- कितनी योजना और तैयारी परिवार/whānau द्वारा की जाती है

## उपलब्ध आर्थिक सहायता

कुछ पात्रता मानदंडों को पूरा करने पर कार्य और आय न्यूज़ीलैंड (विंज़) [Work and Income New Zealand (WINZ)] शुल्कों में सहायता के लिए एक अंतिम संस्कार अनुदान उपलब्ध करा सकता है। परंतु इस बात की संभावना नहीं है कि यह अनुदान अंतिम संस्कार के पूरे शुल्क को कवर करेगा। आपको इस अनुदान के बारे में और अधिक जानकारी वेबसाइट **https://www.workandincome.govt.nz/products/a-z-benefits/funeral-grant.html** पर या अंतिम संस्कार निदेशक से पूछकर प्राप्त हो सकती है।

## उपयोगी वेबसाइट

अंतिम संस्कार की योजना बनाने के बारे में और अधिक जानकारी के लिए निम्नलिखित वेबसाइटों पर उपयोगी जानकारी उपलब्ध है:

**https://endoflife.services.govt.nz/welcome**

**https://www.fdanz.co.nz/planning-a-funeral/what-to-do-when-someone-dies/**



# Planning a Funeral

**When someone has just died there are many things to think about. It can be a very difficult time with overwhelming feelings of loss and sadness. Here in New Zealand, it is the responsibility of family to make the final arrangements for the person who has died. While it is not a legal requirement, many people choose to have a funeral or some form of remembrance service.**

Planning a funeral may seem like a difficult task especially if you are not familiar with the process. Understanding what is involved and how to go about it, can make the process easier. The following is some information that may assist you to organise an appropriate farewell.

## Choosing a funeral director

This is one of the first things you will need to do. You may know of a funeral director you would like to use or maybe you are needing to find one for the first time. Asking friends is a good way to find out about someone you may use. You might want to contact several funeral directors to compare prices and options before finalising any plans. It is not essential to have a funeral director, and you may decide to arrange the funeral yourself.

## Questions to ask the funeral director

The funeral director will meet you at your home or in their offices at a convenient time to discuss arrangements - this is usually within 24 hours of first contact. This will be an opportunity for the funeral director to discuss with you the range of choices available and any religious or cultural preferences that you would like to be honoured during the service.

Key decisions to discuss with them include:

- Who the key decision maker in the family/whānau is?
- Whether it will be a burial or cremation?
- Will the person be embalmed?
- Where will the service be held?
- Will the service be religious/ non-religious?
- Who will conduct the service, for example, a minister or celebrant?

## The funeral director will be able to help you with the following:

- Placing a death notice in the newspaper
- Ordering flowers or donations to a charity of your choosing
- Organising Catering
- Developing Service sheets
- Making Memorial presentations
- Organising the death certificate
- Arrangements for repatriation if required

## Funeral Costs

The current cost of a funeral can range somewhere between about $4,000 - $12,000. The cost will depend on several factors including:

- Whether it is a cremation or burial
- How much of the planning and preparation is done by the family/whānau

## Financial Assistance available

Work and Income New Zealand (WINZ) may provide a funeral Grant, if certain eligibility criteria are met, to assist with costs. However, it is unlikely the grant will cover the full cost of the funeral. You can get more information about this grant at **https://www.workandincome.govt.nz/products/a-z-benefits/funeral-grant.html** or by asking the funeral Director.

## Useful websites

For more information about planning a funeral the following websites have useful information:

**https://endoflife.services.govt.nz/welcome**

**https://www.fdanz.co.nz/planning-a-funeral/what-to-do-when-someone-dies/**

poi Community of Care

Auckland's Specialist Hospices

**This resource was developed with Poi Project funding 2020. For review 2022. www.poiproject.co.nz**